>

Title: Regarding setting up of a Kendriya Vidyalaya in Amroha, Uttar Pradesh.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): माननीय अध्यक्ष जी, आज सदन में मेरा पहला दिन है, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत धन्यवाद ।

मैं अमरोहा क्षेत्र से आता हूं, अमरोहा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पहले स्वतंत्रता सैनानी मौलाना हिफजुर रहमान और आचार्य कृपलानी जी ने किया था । यह मेरा सौभाग्य है कि मैं इस क्षेत्र को रिप्रेजेंट कर रहा हूं । आपको जानकर आश्चर्य होगा कि यहां किस तरह से शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया है । यह क्षेत्र शिक्षा में बहुत पिछड़ा हुआ है ।

मेरे लोक सभा क्षेत्र में एक भी केंद्रीय विद्यालय नहीं है । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करूंगा कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय बनाया जाए ।

14.27 hrs

MEMBER SWORN – Contd.